वो भारत देश है मेरा | By Varsha Shrivastava

जहाँ केसरिया और श्वेत संग मिल जाये हरित की गंगा
जहाँ भारत माँ हर होंठों पर, मन में लहराए तिरंगा
वो भारत भूमि है जिस पर आये कृष्णा और रामा
धरती के हर एक कण कण का जुड़ता भगवान् से नाता
जहाँ पूजा होती पत्थर की और पूजनीय गौ माता
वो भारत देश है मेरा, वो भारत देश है मेरा

साहस और बुद्धि जिनका बल, धीरज है जिनकी ज्वाला
कांटो पार अपने जीवन को,जिसने है हंस कर डाला
वो सैनिक्य भारत भूमि का और गौरव उसकी माला
माथे पर केसर तिलक लगा उसने दुश्मन को मारा
जहाँ गुरुद्वारों में शबद सुनाते मठ मंदिर में ताने
जहाँ चंद्रयान छू कर ले आया सपनो भरी उड़ाने
भारत की शान पे अर्पित हर एक सांस का हो उजियारा
वो भारत देश है मेरा, वो भारत देश है मेरा

जहाँ देश की खातिर फ़र्ज़ निभाती है झांसी की रानी
पद्मावती और अहिल्या मिट गयी बनकर अमर कहानी
जहाँ कौरव को है भस्म करती क्रोधित कृष्णा की ज्वाला
जहाँ नारी शक्ति का परचम फहराती हर एक बाला
जहाँ कृष्ण की धुन में नाचे राधा और जोगन बन मीरा
मुख पर सूरज सी हो बिंदिया मन में चंदा सा उजाला
ऐसी इनकी है गाथा जिनसे होता रोज़ सवेरा
वो भारत देश है मेरा, वो भारत देश है मेरा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a5%8b-%e0%a4%ad%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%a4-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%b6-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-varsha-shrivastava/